Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 07-05-2007

Participants : Gudhe Shri Anantrao

>

Title: Need to take over of Amravati-Murtizapur-Yavatmal Railway line by Indian Railways.

श्री अनंत गुढ़े (अमरावती) : महोदय, अमरावती-मुर्तीजापुर और यवतमाल के मध्य नैरोगेज रेल लाईन है। देश को स्वतंत्रता प्राप्त हुए साठ साल बीत चुके हैं लेकिन यह रेल पटरी और इसके स्टेशनों का रखरखाव इग्रज कंपनी के पास है। भारतीय रेल केवल इस पर अपनी ट्रेन चलाती है। विदर्भ के किसानों की यह 'लाईफ लाइन' है। यह ट्रेन ऐसे मार्ग से गुजरती है जहां से गरीब किसान, आदिवासी इससे यात्रा करते हैं। इग्रज कंपनी के अधिकार होने के कारण इस रेल मार्ग की मरम्मत, देखभाल नहीं हो पाती। मेरा रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि अब इस रेल मार्ग को भारतीय रेल द्वारा अपने अधिकार में लेना जरूरी है ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके।